रणजीत टाइम्स
RNI-NO.MPHIN/2015/64585
इंदौर शुक्रवार 20 फरवरी 2026 Digital Edition प्रधान संपादक : गोपाल वावडे

# राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सतीश पंवार के नेतृत्व में इंदौर में मनाशिवाजी जयंती महोत्सव का भव्य उत्सव

**इंदौर. सह संपादक दीपक वाड़ेकर**

श्रीमंत योगी छत्रपति शिवाजी महाराज विचार मंच द्वारा इंदौर के नेहरू स्टेडियम स्थित शिवाजी प्रतिमा परिसर में शिवाजी जयंती महोत्सव 2026 का अत्यंत गरिमामय और भव्य आयोजन किया गया। इस महोत्सव का सफल संपादन मंच की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सतीश पंवार के कुशल मार्गदर्शन और नेतृत्व में संपन्न हुआ।

**ऐतिहासिक आभा और सांस्कृतिक वैभव**

कार्यक्रम स्थल पर छत्रपति शिवाजी महाराज की विशाल अश्वारूढ़ प्रतिमा को आकर्षक फूलों और विद्युत सज्जा से सजाया गया था। श्रीमती नीलम सतीश पंवार ने समाज के अन्य वरिष्ठ गणमान्यों के साथ मिलकर महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

**विशेष आकर्षण– पारंपरिक पालकी और वेशभूषा**

महोत्सव के दौरान एक भव्य शिव पालकी यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में मातृशक्ति ने पारंपरिक नौवारी साड़ी और केसरिया फेटा पहनकर शिरकत की। श्रीमती पंवार ने इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज का जीवन और उनके आदर्श आज के युवाओं के लिए प्रेरणापुंज हैं। हमारा मंच उनके सुशासन और राष्ट्रभक्ति के विचारों को जन-जन तक पहुँचाने के लिए संकल्पित है।

## प्रमुख उपस्थिति एवं आयोजन

आयोजन में इंदौर के विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, युवा और बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान-

**सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ-**बच्चों द्वारा शिवाजी महाराज के जीवन पर आधारित लघु नाटिकाएँ प्रस्तुत की गई।

**सम्मान समारोह**–समाज सेवा और संगठन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया गया।

**आयोजक टीम**– श्रीमंत योगी छत्रपति शिवाजी महाराज विचार मंच, इंदौर की पूरी टीम ने इस आयोजन को ऐतिहासिक बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

रात के समय जब पूरा परिसर रंग-बिरंगी रोशनी और जय भवानी, जय शिवाजी के जयकारों से गूँज उठा, तो दृश्य देखते ही बनता था। इस सफल आयोजन ने एक बार फिर इंदौर में मराठा गौरव और सांस्कृतिक एकता की अनूठी मिसाल पेश की है।









# महाकाल मिनरल का अवैध रेत साम्राज्य,प्रशासन भी मौन, क्या है शासन की चुप्पी का राज

**उमरिया .प्रदीप सिंह बघेल**



उमरिया। संभागीय मुख्यालय के अंतर्गत उमरिया जिले में खनिज विभाग की नाक के नीचे रेता ठेका कंपनी महाकाल मिनरल्स रेत का काला कारोबार करने पर उतारू है। जिले के मानपुर क्षेत्र में इन दिनों रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन को लेकर गंभीर मामल समाने आ रहा है। बालोड़, मानपुर क्षेत्र में रेत का अवैध कारोबार धड़ल्ले से संचालित हो रहा है, और जिम्मेदार विभाग के द्वारा किसी भी प्रकार से कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है। लीज क्षेत्र से हटकर बेधड़क रेत की निकासी विशाल पोकलेन मशीन लगाकर निकाली जा रही है। माइनिंग कॉरपोरेशन ने ठेका कंपनी को खुली छूट दी हुई है। उमरिया जिले में जगह-जगह से रेत का अवैध उत्खनन किया जा रहा है, जिस जगह से उत्खनन किया जाता है न तो वहां कंपनी को कोई खदान स्वीकृत है और न ही खदानों पर कोई सीमांकन और न ही कोई सूचना बोर्ड लगा होता है। जब स्थानीय लोगों द्वारा इस अवैध उत्खनन का विरोध किया जाता है तो कंपनी के द्वारा वहां से अवैध खनन बंद कर दिया जाता है। ग्रामीणों के अनुसार, दिन में भी बाबा महाकाल मिनरल्स कंपनी के द्वारा लगातार रेत का अवैध व्यापार किया जा रह रहा है, बालोड़ और पौड़ीकला के बीच बहने वाली सोन नदी के बीच धारा में पोकलेन मशीनों के माध्यम से दिनदहाड़े रेत निकाली जा रही है। इसी तरह से रेत का उत्खनन चलता रहा। नदी के प्राकृतिक स्वरूप और पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, जिससे नदी का अस्तित्व भी खतरे में पड़ सकता है। ऐसा लगता है कि बाबा महाकाल मिनरल कंपनी के आगे शासन प्रशासन में अपने घुटने टेक दिए हैं, रेत से भरी गाड़ियां कई पोस्टों से गुजरती है, लेकिन मजाल है कि उन गाड़ियों को कई रोक लिया जाए। उमरिया से लेकर शहडोल तक बड़े पैमाने पर रेत का उत्खनन किया जा रहा है। आरोप है कि यहां से निकाली गई रेत की आपूर्ति रीवा सहित उत्तर प्रदेश और बिहार के विभिन्न क्षेत्रों तक की जा रही है। क्षेत्रवासियों का यह भी कहना है कि संबंधित कंपनी को शासन से स्वीकृति प्राप्त होने की बात कही जा रही है, जिसके चलते अवैध गतिविधियों पर रोक नहीं लग पा रही है।

# पशु तस्कर गिरोह का पर्दाफाश पुलिस ने मवेशियों के साथ मुल्जिम को भी पकड़ा

**उमरिया .प्रदीप सिंह बघेल**



शहडोल। गोहपारू पुलिस ने मवेशियों से भरे एक ट्रक को जप्त कर पशु तस्करी का भंडाफोड़ किया है जिसे बूचड़खाने ले जाए जा रहा था द्य गुरुवार तड़के करीब 5 बजे थाना क्षेत्र के फॉरेस्ट बेरियल के पास की गई इस कार्रवाई में पुलिस ने लगभग 21 नग मवेशियों को मुक्त कराया और तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। ट्रक अनूपपुर जिले से उत्तर प्रदेश की ओर जा रहा था, जिसे पहले ही रोक लिया गया .

पुलिस के अनुसार, बुधवार देर रात मुखबिर से सूचना मिली थी कि उत्तर प्रदेश पासिंग एक ट्रक में अवैध रूप से मवेशियों की तस्करी की जा रही है। मुखबिर ने वाहन का नंबर और रंग भी बताया। सूचना मिलते ही पुलिस ने रणनीति बनाकर फॉरेस्ट बेरियल के पास बेरियर बंद कराया और आगे एक निजी ट्रक खड़ा कर मार्ग अवरुद्ध कर दिया। जैसे ही संदिग्ध ट्रक वहां पहुंचा, उसे रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान ट्रक में ठूंस-ठूंसकर भरे गए लगभग 21 मवेशी पाए गए। मौके पर डायल 112 के दो वाहन और थाने से अतिरिक्त पुलिस बल मौजूद रहा। पुलिस को देखकर आरोपी भागने की फिराक में थे, लेकिन पहले से की गई घेराबंदी के कारण वे सफल नहीं हो सके। चालक सहित दो अन्य आरोपियों को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस का कहना है कि बरामद मवेशियों को बूचड़खाने ले जाया जा रहा था। सभी मवेशियों को सुरक्षित निकालकर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर पूछताछ जारी है। पुलिस अब इस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुटी है। ताकि तस्करी से जुड़े और भी लोग और गिरोह का पर्दाफाश किया जा सके .

# वनकर्मियों पर लकड़ी तस्करों का हमला

**उमरिया .प्रदीप सिंह बघेल**





शहडोल। जिले के अमझोर वन परिक्षेत्र के सीधी सर्किल अंतर्गत महादेवा क्षेत्र में लकड़ी की अवैध कटाई और तस्करी रोकने पहुंचे वन विभाग के अमले पर माफिया ने हमला कर दिया। हमले में रेंजर तरुणेंद्र सिंह और डिप्टी रेंजर दुर्गा प्रसाद अहिरवार सहित कई बीट गार्ड गंभीर रूप से घायल हो गए। कुछ कर्मचारियों के सिर फूट गए और उन्हें गंभीर चोटें आई। घटना के बाद घायल वन अमले ने डायल 112 पर संपर्क कर मदद मांगी। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और बंधक बने वन कर्मियों को छुड़ाकर इलाज के लिए अस्पताल भेजा। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है .

दरअसल अमझोर वन परिक्षेत्र के रेंजर तरुणेंद्र सिंह, डिप्टी रेंजर दुर्गा प्रसाद अहिरवार को अवैध कटाई एवं परिवहन की सूचना मिली। कार्यवाही करने पहुंची टीम ने मौके पर महेंद्र यादव और सुरेन्द्र यादव को पकड़ा। आरोपियों ने पहले वन अमले को कार्यवाही न करने दबाव बनाया और फिर दूसरे स्थान पर ले जाने का बहाना बनाकर टीम को अंदरूनी क्षेत्र में ले गए। जहां पहले से मौजूद लोगों के साथ मिलकर लाठी-डंडों, पत्थरों से हमला कर दिया।

### पहले भी फॉरेस्ट टीम पर जानलेवा हमला

गौरतलब है कि हाल ही में शहडोल मुख्यालय से लगे क्षेत्र में भी कोल माफियाओं द्वारा गश्त कर रही फॉरेस्ट टीम पर जानलेवा हमला किया गया था, जिसमें रेंजर सहित कई वनकर्मी घायल हुए थे। इन हमलों ने जंगलों की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। छ्रस्नह्र तरुणा वर्मा ने बताया कि लड़की तस्करी की सूचना पर वन अमला पहुंचा था, तभी कुछ लोगों ने उन्हें बंधक बनाकर हमला कर दिया। थाना प्रभारी अजय बैगा का कहना है कि वन कर्मियों पर हमले की शिकायत पर मामला दर्ज किया है।



**विशेष मुलाकात**

# सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के सीएमओ डॉ. डीके शर्मा से संवाद

**इंदौर।** हाल ही में रणजीत टाइम्स की डेस्क हेड रेणु कैथवास की मुलाकात डॉ डीके शर्मा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के सीएमओ डॉ. डीके शर्मा जी से हुई। इस अवसर पर रणजीत टाइम्स की ओर से उन्हें प्रेमपूर्वक लाइफटाइम कैलेंडर भेंट किया गया। मुलाकात के दौरान डॉ. शर्मा ने अस्पताल की कार्यप्रणाली, आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं एवं मरीजों को दी जा रही उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वहीं रेणु कैथवास ने अस्पताल की विशेषताओं, अनुशासन और समर्पित स्टाफ की सराहना की। रेणु कैथवास ने साझा किया कि कुछ समय पूर्व उनके भाई को इसी अस्पताल में गंभीर अवस्था में भर्ती कराया गया था। स्थिति अत्यंत नाजुक थी और बचने की उम्मीद बहुत कम थी। एक बार नहीं, बल्कि तीन बार ऐसी स्थिति बनी जब जीवन की संभावना लगभग समाप्त हो चुकी थी, लेकिन अस्पताल के अनुभवी डॉक्टरों और समर्पित स्टाफ ने पूरी निष्ठा और प्रयास के साथ उपचार किया। कॉपर ट्रीटमेंट सहित बेहतर चिकित्सा पद्धतियों के माध्यम से उनके भाई का जीवन बचाया गया। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि यहां का स्टाफ अत्यंत सहयोगी, संवेदनशील और कर्तव्यनिष्ठ है।




# नए शैक्षणिक सत्र पर नटखट अकादमी में सम्मान समारोह, रंजीत टाइम्स ने भेंट की मां अहिल्या की प्रतिमा

**इंदौर।** नटखट अकादमी के नए शैक्षणिक आरंभ के उपलक्ष्य में रंजीत टाइम्स परिवार की ओर से अकादमी को सप्रेम मां अहिल्या की प्रतिमा भेंट की गई। यह प्रतिमा संस्कार, ज्ञान और आदर्शों का प्रतीक मानी जाती है, जिसे विद्यालय परिवार ने सम्मानपूर्वक स्वीकार किया। इस अवसर पर आयोजित सौजन्य मुलाकात के दौरान अकादमी की संचालिका अलका जी ने शिक्षा के महत्व पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि ÷शिक्षा एक मंदिर है और शिक्षक उस मंदिर के गुरु होते हैं। यदि बचपन में ही सही शिक्षा और उचित मार्गदर्शन मिल जाए, तो वही ज्ञान बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव बनता है। उन्होंने बताया कि बचपन जीवन की वह महत्वपूर्ण अवस्था है, जहां बच्चे आसानी से संस्कार, अनुशासन और जीवन मूल्यों को आत्मसात करते हैं। ऐसे में एक योग्य शिक्षक का मार्गदर्शन और सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण बच्चों को जीवन में आगे बढ़ने तथा कुछ बड़ा करने की प्रेरणा देता है।कार्यक्रम के दौरान शिक्षा के क्षेत्र में समर्पित प्रयासों और बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए नटखट अकादमी की सराहना की गई।

# नगरपालिका धनपुरी द्वारा शिविर लगाकर हजार रूपये की संपत्ति कर वसूली की गई





**शहडोल .प्रदीप सिंह बघेल**

मुख्य नगरपालिका अधिकारी धनपुरी सुश्री पूजा बुनकर ने बताया कि धनपुरी नगरपालिका द्वारा संपत्ति कर की वसूली हेतु श्रीराम रेसीडेंस में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि शिविर के दौरान 53 हजार रूपये की संपत्ति कर की वूसली की गई। राजस्व वसूली की वृद्धि हेतु नगरपालिका धनपुरी द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि वर्ष 1997 से जिन लोगो ने संपत्ति कर जमा नही किया उन्हें भी टैक्स जमा करने की सुविधा दी जा रही है। मुख्य नगरपालिका अधिकारी ने बताया कि जिन लोगों द्वारा सम्पत्ति कर की राशि जमा नहीं की गई है उन लोगों के घरों से नल विच्छेद की कार्यवाही भी निरंतर जा रही है।

# 'कार्बन उत्सर्जन के वैकल्पिक स्रोत पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे है - डॉ भरत शर्मा'

**इंदौर**



मध्यप्रदेश में इंदौर शहर में मारुति नेक्सा के शोरूम के पूर्णत इलेक्ट्रिक लक्ज़री 4 पहिया वाहन की शृंखला में ÷ई-विटारा÷ का विधिवत उद्घाटन डॉ. भरत शर्मा (सदस्य - संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार) के मुख्य आतिथ्य में किया गया। भारत सरकार ने पर्यावरण को दृष्टिगत विशेष रूप से इलेक्ट्रॉनिक वाहनो से 5त्र (पाँच प्रतिशत) कर में कमी कर कम कार्बन उत्सर्जन वाले वाहनो के विकल्प को प्रोत्साहित किया है। उक्त अवसर पर डॉ भरत शर्मा ने पर्यावरण संतुलन, ईंधन संरक्षण और वाणी प्रदूषण से भविष्य के मौसम परिवर्तन पर गंभीरता से अपने विचार रख कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य नागरिकों से पर्यावरण संरक्षण हेतु भारत सरकार के प्रयासों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हर विकल्प छोटा या बड़ा हो यदि पर्यावरण संरक्षण, संवर्धन के इस दिशा में किया जा रहा हो वह स्वागतयोग्य और अनुकरणीय है।

मुख्य अतिथि डॉ भरत शर्मा का स्वागत पुष्पगुच्छ देकर ओशन मोटर्स नेक्सा शोरूम (गीता भवन) के चेयरमैन अमन पटेल ने किया और आमंत्रित अतिथियों ने केक काटकर पूर्णत इलेक्ट्रिक लक्ज़री 4 पहिया वाहन की शृंखला में ई-विटारा का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में मारुति उद्योग के रीजनल हेड श्री सन्नी कुंवर, विजय मेहता, मिथिल पटेल, तन्मय जैन, ओशन मोटर्स नेक्सा शोरूम (गीता भवन) के प्रबंधक पवन तलरेजा, धवल चौधरी उद्योगपति बालेश मुदलियार, आलोक वर्मा, कलीम शेख, परवेज़ ख़ान, इंद्रजीत छाबड़ा व शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

गौरतलब है कि लक्ज़री वाहनो की किफ़ायती और इलेक्ट्रॉनिक कार की श्रृंखला में ई-विटारा सभी वैरिएंट में उपलब्ध है।

# शहर में सुगम यातायात के लिए चार विशेष पेट्रोलिंग टीमों का गठन




**इंदौर . आदित्य शर्मा**

शहर की यातायात व्यवस्था को अधिक सुचारू, सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से इंदौर यातायात पुलिस द्वारा चार विशेष पेट्रोलिंग टीमों का गठन किया गया है। यह पहल शहर के व्यस्त मार्गों, बाजारों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में यातायात प्रबंधन को मजबूत करने के लिए की गई है। पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अपराध/मुख्यालय) श्री आर.के. सिंह एवं पुलिस उपायुक्त (प्रभारी यातायात) श्री राजेश कुमार त्रिपाठी के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस लगातार जागरूकता और प्रभावी कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में पुलिस उपायुक्त (प्रभारी यातायात) श्री राजेश कुमार त्रिपाठी एवं यातायात विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में चारों यातायात जोन के लिए चार विशेष पेट्रोलिंग टीमों का गठन किया गया। पुलिस उपायुक्त श्री त्रिपाठी ने बताया कि शहर में बढ़ते यातायात दबाव और अव्यवस्थित पार्किंग के कारण कई स्थानों पर जाम की स्थिति बनती है। इसे नियंत्रित करने के लिए प्रत्येक जोन में एक-एक टीम तैनात की गई है, जो लगातार भ्रमण कर निगरानी रखते हुए त्वरित कार्रवाई करेगी।

## टीम की संरचना

प्रत्येक टीम में सूबेदार/उप निरीक्षक (टीम प्रभारी), एक एएसआई या प्रधान आरक्षक, चार आरक्षक, एक महिला आरक्षक तथा दो मोटरसाइकिल पेट्रोलिंग सदस्य शामिल रहेंगे।



## उपलब्ध संसाधन

टीमों को पीए सिस्टम, पेट्रोलिंग मोटरसाइकिल, बॉडी वॉर्न कैमरा, क्रेन या सपोर्ट वाहन, व्हील लॉक तथा चालान कार्रवाई के लिए पीओएस मशीन उपलब्ध कराई गई है। पीए सिस्टम के माध्यम से दुकानदारों, रहवासियों एवं आम नागरिकों से अपील की जाएगी कि वे अपने वाहन निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही खड़े करें और यातायात नियमों का पालन करें। कार्यवाही की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सभी टीम सदस्य बॉडी वॉर्न कैमरे का उपयोग करेंगे, जिससे पूरी कार्रवाई रिकॉर्ड रहेगी। टीमों के कार्यों की नियमित समीक्षा वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा की जाएगी। यातायात पुलिस की यह पहल शहर में सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित यातायात व्यवस्था स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

# क्राइम ब्रांच इंदौर पुलिस की अवैध मादक पदार्थ के विरुद्ध कार्यवाही में एक और फरार आरोपी गिरफ्तार

**इंदौर.आदित्य शर्मा**

पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर द्वारा इंदौर कमिश्नरेट में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी एवं उनकी गतिविधियों में संलिप्त बदमाशों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। उक्त निर्देशों के तारतम्य में इंदौर शहर में अवैध मादक पदार्थ की खरीदी बिक्री करने वालो की पतारसी कर अंकुश लगाने एवं ऐसे फरार आरोपियों की धर पकड़ करने हेतु वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा निर्देशित किया गया है। इसी अनुक्रम में क्राइम ब्रांच की टीम द्वारा दिनांक 12.02.2026 को अवैध मादक पदार्थ स्र्ष्ठ के साथ गिरफ्तार कर आरोपी कासिम खान से पूछताछ की जिसमें मिली जानकारी के अनुसार अगली कड़ी में फरार आरोपी रिजवान अंसारी नि साउथ तोडा इंदौर को गिरफ्तार किया गया था।दौराने कार्यवाही रिजवान से एक और फरार आरोपी की जानकारी मिली जिसका नाम हसन अली नि दौलतगंज इंदौर जिसे उचित मुखबिरी एवं तकनीकी सहायता से ट्रेस कर गिरफ्तार किया गया जो कि घटना दिनांक से फरार था जिसे अग्रिम कार्यवाही हेतु गिरफ्तार कर पूछताछ जारी है जिसमें कई अन्य अपराधियों के संबंध में जानकारी मिलने की संभावना है। क्राइम ब्रांच द्वारा गिरफ्तार आरोपी से विस्तृत पूछताछ जारी है और नशे के सौदागरों के संबंध में लगातार कार्यवाही की जा रही है.



# राज्यपाल पटेल को रसोई में दिखी गंदगी, भोजन छोड़ा



**इंदौर।** रेसीडेंसी कोठी में मप्र के राज्यपाल मंगुभाई पटेल के ठहरने के दौरान व्यवस्थाओं को लेकर गंभीर लापरवाही सामने आई। निरीक्षण के दौरान बेडशीट गंदी पाई गई, वहीं रसोई में भी साफ-सफाई का अभाव नजर आया। राज्यपाल को परोसी गई चाय भी ठंडी थी अव्यवस्थाओं से नाराज़ होकर उन्होंने भोजन नहीं किया। राज्यपाल के स्टाफ के उच्च अधिकारियों ने इस मामले में जिम्मेदार लोगों को फटकार लगाई है। रेसीडेंसी कोठी में केयरटेकर कंपनी का कहना है कि उन्हें दो वर्षों से पेमेंट ही नहीं मिला है।

# सामुदायिक मध्यस्थता केंद्र से त्वरित समाधान, आवेदकों को दिलवाई 37.23 लाख की राशि

**इंदौर.आदित्य शर्मा**



इंदौर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा सामुदायिक मध्यस्थता केंद्र के माध्यम से नागरिकों की समस्याओं का त्वरित एवं आपसी सहमति से निराकरण कर उन्हें समुचित न्याय दिलाने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में प्राप्त प्रकरणों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन मामलों में आवेदकों को कुल 37 लाख 23 हजार रुपये की राशि दिलाकर संतुष्टिपूर्वक समाधान कराया गया। गौरतलब है कि सामान्य आपसी एवं पारिवारिक विवादों का शीघ्र और सौहार्दपूर्ण निराकरण करने के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सहयोग से इंदौर पुलिस कमिश्नरेट अंतर्गत सामुदायिक मध्यस्थता केंद्र (कम्युनिटी मेडिएशन सेंटर) का शुभारंभ 25 जून 2025 को मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा किया गया था। पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर के निर्देशन में संचालित इस केंद्र के माध्यम से छोटे-मोटे विवादों को आपसी सुलह के जरिए हल कर आम नागरिकों को त्वरित राहत प्रदान की जा रही है। हाल ही में पुलिस आयुक्त कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान प्राप्त आपसी विवाद, पारिवारिक मामलों एवं रुपये के लेनदेन से संबंधित आवेदनों पर 17 एवं 18 फरवरी 2026 को सुनवाई की गई। कुल सात आवेदकों की शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए पांच प्रकरणों का आपसी सहमति से निराकरण किया गया, जिनमें से तीन मामलों में आवेदकों को आर्थिक राहत दिलाई गई।


## पीपल्स यूनिवर्सिटी को बम से उड़ने की धमकी

**भोपाल.** सुरक्षा के मद्देनजर यूनिवर्सिटी को कराया गया खाली ई मेल के जरिए दी गई धमकी धमकी देने वाले शख्स ने कॉलेज की बिल्डिंग में बम रखने की बात कही धमकी देने वाले शख्स ने लिखा... आपके कॉलेज में सायनाइड पॉइजन वाले बम रखे हैं। जो दोपहर 12ः15 बजे ब्लास्ट करेंगे। सुबह 11ः00 बजे तक डॉक्टर, स्टूडेंट को निकाल ले...अल्लाह हू अकबर मौके पर पहुंची बम विस्फोट की टीम

## इंदौर पुलिस की सख्त कार्रवाई : 5 बदमाश जिलाबदर, 12 पर निर्बंधन आदेश जारी

**इंदौर .आदित्य शर्मा**







शहर में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से इंदौर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा बदमाशों के विरुद्ध सख्त प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह के निर्देशन में कुल 17 शातिर बदमाशों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए गए हैं, जिनमें 5 कुख्यात अपराधियों को जिलाबदर किया गया है, जबकि 12 अन्य बदमाशों को निर्बंधन आदेश के तहत थाना हाजिरी के लिए पाबंद किया गया है। पुलिस द्वारा प्राप्त प्रतिवेदनों के आधार पर की गई कार्रवाई में प्रतिबंधित चाइनीज मांझे के विक्रय एवं भंडारण में लिप्त 6 बदमाशों को भी विशेष रूप से चिन्हित कर विभिन्न शर्तों के अधीन प्रतिबंधित किया गया है। पुलिस के अनुसार ये आरोपी आदतन अपराधी हैं और इनके विरुद्ध शहर के विभिन्न थानों में गंभीर धाराओं के कई प्रकरण दर्ज हैं।

## जहरीला पदार्थ पीने वाले रेलवे कर्मचारी ने सात दिन बाद तोडा दम

**भोपाल।** स्टेशन बजरिया थाना इलाके में स्थित विनायक कैम्पस में रहने वाले रेलवे के कर्मचारी ने जहरीला पदार्थ पीकर आत्महत्या कर ली। करीब एक सप्ताह पहले उन्होंने कोई जहरीला पदार्थ पी लिया था। परिजनो ने उन्हें इलाज के लिये निजी अस्पताल में भर्ती कराया था, जहॉं उनका इलाज जारी था। अस्पताल से सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने उनके मृत्युपूर्व बयान दर्ज करने का प्रयास किया लेकिन वह बयान देने की स्थिति में नहीं थे। करीब छह दिन चले इलाज के बाद बीते दिन उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर पीएम के बाद शव परिजनों को सौंपते हुए आगे की जॉच शुरु कर दी है। पुलिस के मुताबिक विनायक कैम्पस स्टेशन बजरिया निवासी श्याम किशोर (58) रेलवे में नौकरी करते थे। उनका बेटा सेना में मेजर है। बीते दिनों श्याम किशोर को हार्ट अटैक आया था। परिजन उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां उनकी बाइपास सर्जरी की गई। बाइपास सर्जरी कराने के बाद परिजन 9 फरवरी को उन्हें घर ले आए थे। अगले दिन उनकी तबियत बिगड़ गई। परिजन उन्हें मिसरोद स्थित निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां डॉक्टर ने बताया कि श्याम किशोर ने कोई जहरीला पदार्थ पिया है। अस्पताल की सूचना पर पुलिस श्याम किशोर के बयान दर्ज करने पहुंची। लेकिन उनके होश में नहीं होने के कारण बयान दर्ज नहीं किये जा सके थे। 17 फरवरी की दोपहर श्याम किशोर की मौत हो गई। शुरुआती जॉच में श्याम किशोर मानसिक तनाव में रहने की बात सामने आई है।

# अनूपपुर पटवारियों की हड़ताल जारी, राजस्व का कामकाज ठप ,फार्मर रजिस्ट्री भी प्रभावित

**अनूपपुर .प्रदीप सिंह बघेल**





अनूपपुर में जनवरी वेतन रोके जाने के विरोध में पटवारी 12 फरवरी 2026 से हड़ताल पर हैं. इससे फार्मर रजिस्ट्री सहित राजस्व के कई जरूरी कार्य प्रभावित हुए हैं. राजस्व समीक्षा बैठक के बाद शहडोल संभाग के कमिश्नर ने पुष्पराजगढ़ के प्रभारी तहसीलदार को निलंबित कर दिया, जबकि तहसील की प्रगति जिला औसत से बेहतर बताई जा रही .मध्य प्रदेश में फार्मर रजिस्ट्री अभियान जहां एक ओर सरकार की प्राथमिकता में शामिल है, वहीं अनूपपुर जिले में यह अभियान प्रशासनिक खींचतान और कर्मचारियों की नाराजगी के कारण सुर्खियों में आ गया है. जनवरी 2026 का वेतन रोके जाने और मानसिक प्रताड़ना के आरोप लगाते हुए जिले के समस्त पटवारी 12 फरवरी 2026 से हड़ताल पर हैं. इसका सीधा असर नामांतरण, सीमांकन, गिरदावरी, फार्मर रजिस्ट्री और सीएम हेल्पलाइन जैसे आवश्यक कार्यों पर पड़ा है.

### राजस्व समीक्षा बैठक में गरमाया माहौल

मंगलवार को जनसुनवाई के बाद आयोजित राजस्व समीक्षा बैठक में पटवारी हड़ताल और जिले की कमजोर प्रगति प्रमुख मुद्दा रही. बैठक के दौरान कथित रूप से वेतन रोकने के मौखिक निर्देशों को लेकर अधिकारियों के बीच तीखी बहस हुई. सूत्रों का कहना है कि प्रशासनिक सख्ती और कार्यप्रणाली को लेकर मतभेद खुलकर सामने आए.

### प्रभारी तहसीलदार संजय जाट निलंबित

घटनाक्रम के बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए शहडोल संभाग के कमिश्नर के आदेश पर पुष्पराजगढ़ के प्रभारी तहसीलदार संजय जाट को निलंबित कर दिया गया. आदेश में फार्मर रजिस्ट्री की धीमी प्रगति और पटवारियों पर प्रभावी नियंत्रण न होने का उल्लेख किया गया है.

### क्या कहते हैं आंकडे?

उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार पुष्पराजगढ़ तहसील की प्रगति 35.35 प्रतिशत दर्ज की गई है, जो जिले के औसत 29 प्रतिशत से अधिक है. ऐसे में निलंबन की कार्रवाई को लेकर प्रशासनिक और राजनीतिक हलकों में चर्चाएं तेज़ हो गई हैं.

### राजस्व की सेवाएं प्रभावित

पटवारियों की हड़ताल से ग्रामीण क्षेत्रों में नामांतरण, सीमांकन, गिरदावरी और किसान पंजीयन जैसे काम प्रभावित हो रहे हैं. सीएम हेल्पलाइन में शिकायतों के निराकरण की रफ्तार भी धीमी पड़ी है. यदि जल्द समाधान नहीं निकला तो फार्मर रजिस्ट्री अभियान की समयसीमा और राजस्व कार्यों की गति दोनों प्रभावित हो सकती हैं.

## समूह लोन की 1 लाख की रकम हड़पने वाला निजी बैंक का आउटसोर्स कर्मचारी फरार

**भोपाल।** ईंटखेड़ी थाना पुलिस ने बीती 8 फरवरी के आसपास एक निजी बैंक के आउटसोर्स कर्मचारी के खिलाफ ठगी का मामला कायम किया है। आरोप है की उसने बीते एक साल में 31 महिला हितग्राहियों से समूह लोन की करीब 1 लाख 13 हजार रुपए किस्त वसूल तो की लेकिन उस रकम को बैंक में जमा न करते हुए अपने पास ही रख लिया। जानकारी लगने पर बैंक की ओर से इसकी शिकायत थाना पुलिस से की गई थी। मामले में करीब 10 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सही है। पुलिस के अनुसार एक्सिस बैंक की इस्लाम नगर शाखा में मैनेजर के पद पर पदस्थ वसीम कुरैशी ने लिखित शिकायत करते हुए बताया था, की बैंक की ओर से पवन गोस्वामी नाम के युवक को लोन की किस्त कलेक्शन के लिए आउटसोर्स कर्मचारी के तौर पर नौकरी पर रखा था। पवन गांव-गांव घूमकर समूह लोन लेने वाली महिलाओं के घर से किस्त की वसूली करता था।

# कुबेरेश्वर धाम से लौट रहे परिवार का ऑटो पलटा, युवक की मौत

## सीहोर से भोपाल आकर रेलवे स्टेशन जा रहा थे परिजन

**भोपाल।**

शहर के कोहेफिजा थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार ऑटो पलटने से उसमें सवार एक वृद्ध की ऑटो में गर्दन दब गई। गंभीर चोटें आने से उसकी मौत हो गई। मृतक अपने परिवार के साथ सीहोर में स्थित कुबेरेश्वर धाम से दर्शन कर वापस लौटने के लिये ट्रैन पकड़ने भोपाल रेलवे स्टेशन जा रहा था। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया है। थाना पुलिस के अनुसार ग्राम पसयाड़ी, थाना नवलसाही, जिला कोडरमा (झारखंड) में रहने वालेअंकित सिंह (21) 15 फरवरी को पूरे परिवार के साथ सीहोर जिले में स्थित कुबेरेश्वर धाम आए हुए थे। अंकित सिंह के साथ सास-ससुर, मौसी-मौसा भी थे। 17 फरवरी की रात को उनकी ट्रेन थी। जिसके लिए मंगलवार को दर्शन के बाद परिवार ऑटो में सवार होकर रेल्वे स्टेशन जा रहा था। ऑटो में अंकित सिंह के साथ मौसी का लड़का शुभम सिंह, नाना जगदीश सिंह (60), बड़े नाना बनवारी सिंह, मां संगीता देवी, मौसी सुषमा देवी, नानी सरजू देवी, बड़ी नानी चंद्रीदेवी और छोटी नानी शांति देवी सवार थीं। बताया गया है कि इस दौरान ऑटो चालक काफी तेजी से वाहन चला रहा था। आरोप है कि वाहन चलाने के दौरान ऑटो चालक मोबाइल पर बात करते हुए काफी तेज गति से ऑटो चला रहा था। यात्रियों ने कई बार उसे धीमे चलाने को कहा, लेकिन उसने अनसुनी कर दी। इसी दौरान कोहेफिजा अस्पताल के पास रात नौ बजे ऑटो पलट गया। हादसे में सभी घायलों को अस्पताल भेजा गया। जगदीश सिंह की गर्दन ऑटो में दब गई थी। जिस कारण उनकी हालत नाजुक थी। हमीदिया अस्पताल में चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे में गंभीर रूप से घायल दो महिलाओं का उपचार जारी है, जबकि अन्य को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। दुर्घटना के बाद चालक ऑटो लेकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्यवाही शुरु कर दी है। उधर नजीराबाद इलाके में ग्राम बोरदा जिला राजगढ़ निवासी विशाल सिंह (17) पिता प्रेम तवर सिंह की सड़क हादसे में मौत हो गई। 18 फरवरी की शाम विशाल और उसका नाबालिग दोस्त बाइक से भोपाल की ओर आ रहे थे। रास्ते में अंजनी धाम मंदिर के पास अज्ञात वाहन ने उनके वाहन को टक्कर मार दी थी। सूचना मिलने पर पहुंचीं पुलिस ने मर्ग कायम कर आगे की जॉच शुरु कर दी है।

# कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन का किया निरीक्षण साफ-सुथरी एवं सुव्यवस्थित व्यवस्था के दिए निर्देश

**राजगढ़।** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने बुधवार को संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन का निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने भवन की आंतरिक व्यवस्थाओं, विभिन्न विभागों के कार्यालयों की स्थिति तथा चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने निर्देशित किया कि संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन में संचालित सभी विभागों के कार्यालय साफ-सुथरे, व्यवस्थित एवं नागरिकों के अनुकूल दिखाई दें। उन्होंने कहा कि जहां आवश्यकता हो वहां आवश्यक निर्माण कार्य, मरम्मत एवं पार्टीशन कार्य शीघ्र पूर्ण कराया जाए, ताकि कार्यालयीन कार्य सुचारू रूप से संचालित हो सके तथा आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने कलेक्ट्रेट भवन के सामने स्थित पार्क का भी अवलोकन किया। उन्होंने पार्क की सौंदर्यीकरण एवं सुरक्षा की दृष्टि से बाउंड्री में फेंसिंग कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। साथ ही



पार्क की नियमित साफ-सफाई एवं रखरखाव सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने कहा कि कलेक्ट्रेट परिसर जिले का प्रमुख प्रशासनिक केंद्र है, अतः इसकी व्यवस्था, स्वच्छता एवं सौंदर्य बनाए रखना सभी संबंधित विभागों की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने निर्माण विभाग को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# आनंदपुर लटेरी में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण संपन्न

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती विनीता लोढ़ा के मार्गदर्शन में विभाग द्वारा सतगुरु सेवा ट्रस्ट, आनंदपुर लटेरी में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।



विभाग की अधिकारी श्रीमती लोढ़ा ने बताया है कि प्रशिक्षण में जिले की 150 से अधिक आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को महिला सुरक्षा, जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम एवं बाल संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक एवं सशक्त बनाना था, ताकि वे अपने कार्यक्षेत्र में महिलाओं एवं बच्चों के अधिकारों की प्रभावी सुरक्षा सुनिश्चित कर सकें। प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों द्वारा घरेलू हिंसा, बाल विवाह, बाल श्रम, बाल शोषण तथा महिलाओं के विरुद्ध होने वाली हिंसा की पहचान एवं रोकथाम के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही पीड़ित महिलाओं एवं बच्चों को शासन की विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं से जोड़ने की प्रक्रिया पर भी मार्गदर्शन प्रदान किया गया। प्रशिक्षण सत्र में पोषण ट्रैकर ऐप, आभा आईडी एवं अपार आईडी की उपयोगिता पर भी विस्तार से जानकारी दी गई। पोषण ट्रैकर के माध्यम से बच्चों, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं के पोषण स्तर की निगरानी तथा डिजिटल सेवाओं से लाभार्थियों को जोड़ने की प्रक्रिया समझाई गई। कार्यक्रम में सतगुरु सेवा ट्रस्ट के संचालक रविन्द्र जी सहित महिला एवं बाल विकास विभाग के श्री आशीष यादव, श्री राजीव कॉल, श्री महेंद्र धाकड़, परियोजना प्रभारी श्रीमती कोलोडिया तिर्की एवं प्रशिक्षक श्री अरविंद मिश्रा उपस्थित रहे। सभी ने प्रशिक्षण को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के दौरान प्रश्नोत्तर सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें कार्यकर्ताओं ने अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। अधिकारियों ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता समाज की महत्वपूर्ण कड़ी हैं और उनकी सक्रिय भूमिका से महिला सशक्तिकरण एवं बाल संरक्षण को और अधिक मजबूती मिलेगी।

# अन्नपूर्णा पुलिस की त्वरित कार्यवाही से थाना मनगवा जिला रीवा से घूम हुए बालिक को ढूंढ निकाला




**पत्रकार खुशबू श्रीवास्तव**

थाना मनगवां जिला रीवा पुलिस की सूचना पर अन्नपूर्णा पुलिस द्वारा टेक्निकल एवं मुखबिर तंत्र से गुम हुए बालक को चंद घंटों में ढूंढ कर सकुशल दस्तक किया थाना मनगवा जिला रीवा में अपराध क्रमांक 88/2026, धारा 137(2) बी.एन.एस. के अंतर्गत दर्ज अपहरण की सूचना पर अन्नपूर्णा पुलिस द्वारा त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई की गई। प्रकरण में अपहर्ता विवेक तिवारी पिता अमृतलाल तिवारी उम्र 14 साल निवासी ग्राम देवगांव थाना मनगवा जिला रीवा को अन्नपूर्णा पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई पर अपहृता को ढूंढ कर परिजनों के सुपुर्द किया गया उपरोक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी अन्नपूर्णा अजय नायर आरक्षक 870 ऋषिकेश रावत आरक्षक 24 21 विश्वेंद्र सिंह जाट आरक्षण उदय सिंह तोमर की महत्वपूर्ण भूमिका रही। बालक पूर्णतः सुरक्षित एवं स्वस्थ है। परिजनों द्वारा पुलिस की त्वरित कार्रवाई की सराहना की गई। पुलिस आमजन की सुरक्षा हेतु सदैव तत्पर है।

# जनगणना के संबंध में जिला जनगणना समन्वय समिति की बैठक आयोजित

**भोपाल।** कलेक्टर श्री कौशलेंद्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में जिला जनगणना समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनगणना 2027 को पूर्णतः डिजिटल मोड में संपादित करने से संबंधित प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा की गई तथा सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।



बैठक में अपर कलेक्टर श्री पी सी शाक्य, जिला जनगणना अधिकारी श्री भुवन गुप्ता, एसडीएम, संयुक्त कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर सहित समिति के सदस्यगण एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। जनगणना कार्य निदेशालय संयुक्त निदेशक श्री नमित यादव, सहायक निदेशक श्रीमती ऐन्सी रेजी द्वारा प्रथम चरण मकान सूचीकरण के जिला स्तरीय प्रशिक्षण में प्रथम चरण (01 से 30 मई तक ) में की जानी वाली आवश्यक कार्यवाही संबंधी प्रशिक्षण दिया। साथ ही जिला प्रभारी द्वारा महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई। बैठक में डिजिटल जनगणना प्रक्रिया, डाटा की शुद्धता एवं पारदर्शिता, प्रभावी कार्य प्रणाली एवं निगरानी व्यवस्था। जनगणना कार्यक्रमः प्रथम चरण (मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना) - 1 मई से 30 मई 2026, द्वितीय चरण (जनसंख्या गणना) फरवरी 2027 से प्रारंभ की जाएगी। कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देशित किया कि जनगणना कार्य को पूर्ण गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं जिम्मेदारी के साथ समय-सीमा में संपादित किया जाए,। जिला स्तर पर मानव संसाधन, मकान सूचीकरण ब्लॉक (एच एल बी) एवं दलों के गठन कर उनका प्रशिक्षण समय-सीमा में सुनिश्चित किया जाए ताकि निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति नियत समय में सुनिश्चित हो सके। जनगणना 2027 देश की 16वीं तथा स्वतंत्रता के बाद की 8वीं जनगणना होगी। यह गांव, शहर एवं वार्ड स्तर पर प्राथमिक आंकड़ों का सबसे बड़ा एवं विश्वसनीय स्रोत है। जनगणना-2027 पूर्णतः डिजिटल होगी तथा पहली बार नागरिकों को स्व-गणना (सेल्फ एन्युमरेशन) का विकल्प प्रदान किया गया है। आंकड़ों का संकलन स्व-गणना पोर्टल एवं मोबाइल एप (एचएलओ एप) के माध्यम से किया जाएगा। मकान सूचीकरण ब्लॉक का सृजन एचएलबीसी वेब पोर्टल से तथा प्रबंधन एवं निगरानी सीएमएमएस वेब पोर्टल के माध्यम से की जाएगी।

# हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में हो - जिपं अध्यक्ष श्रीमती रघुवंशी

**विदिशा।** जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता कैलाश रघुवंशी की अध्यक्षता में बुधवार को जिपं की सामान्य सभा की बैठक सम्पन्न हुई। जिला पंचायत के सभागार कक्ष में हुई इस बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष सहित समिति के सदस्यगण, जिला पंचायत सीईओ श्री ओपी सनोड़िया सहित विभिन्न विभागो के अधिकारी मौजूद रहे।



जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रघुवंशी ने हितग्राहीमूलक योजनाओं को क्रियान्वित कराने वाले विभागो के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण कार्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में कराया जाना सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि संबंधित क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य को आयोजन की जानकारियां पूर्व में विधिवत् रूप से अवगत कराई जाएं। पूर्व की समीक्षा बैठक में लिए गए निर्णयों पर विभागो के अधिकारियों द्वारा क्रियान्वित कार्यो की अद्यतन जानकारियां सांझा की गई। बैठक में जनहितैषी मुद्दो पर विचार विमर्श कर सर्व सम्मति से निर्णय लिए गए है जिसमें प्रमुख रूप से ग्रीष्मकाल के दौरान पेयजल आपूर्ति की व्यवस्थाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की बाधाएं उत्पन्न ना हो को ध्यानगत रखते हुए कार्ययोजना के अनुरूप समय सीमा में कार्यो का संपादन कराया जाना सुनिश्चित हो। विकासखण्ड स्तर पर जल निगम और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग के कार्यो की समीक्षा करने के निर्देश जिला पंचायत सीईओ द्वारा दिए गए है। उन्होंने कहा कि उपरोक्त बैठक को संबंधित जनपद सीईओ कॉर्डिनेट करेंगे। एक दिन में दो जनपदो में इस प्रकार की बैठक आयोजित करने हेतु निर्देश दिए गए है। उक्त बैठक में नल जल योजना के कार्यो के संपादन हेतु जल निगम द्वारा पाइप लाइन डालने हेतु जिन सडको की खुदाई गई है उनके मरम्मत कार्यो की भी अद्यतन जानकारियों की समीक्षा इस दौरान की जाएगी। सम्पन्न हुई बैठक में आजीविका मिशन, स्वास्थ्य विभाग, जल संसाधन विभाग, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना और जिला पंचायत 15वें वित्त आयोग के कार्यो की समीक्षा गई है।

# क्या जम्मू-कश्मीर का पुराना रुतबा लौट पाएगा ?

> मोदी सरकार ने 5 अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को खत्म करने के साथ-साथ प्रदेश का पूर्ण राज्य का दर्जा खत्म करते हुए उसे दो केंद्र शासित प्रदेशों (जम्मू-कश्मीर और लद्दाख) में बांट दिया था। इसके बाद से लगातार जम्मू-कश्मीर का पूर्ण राज्य दर्जा बहाल करने की मांग उठाई जाती रही है।




[illegible]

■ कमलेश पांडेय

# भावनाओं को भड़काने वाली प्रवृत्ति



[illegible]

■ कमलेश पांडेय

## फरवरी की गर्मी का सेहत पर खतरा

[illegible]

■ प्रीति उपाध्याय

## 2047 तक वैश्विक अर्थव्यवस्था में 26 ट्रिलियन डॉलर जोड़ेगा भारत

# IT कंपनियों के भविष्य को लेकर निवेशक चिंता न करें: गोयल

एजेंसी | मुंबई

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को कहा कि भारत अभी से लेकर 2047 तक वैश्विक अर्थव्यवस्था में 26 ट्रिलियन डॉलर और जोड़ेगा। [illegible]

[illegible]

### 2027-28 तक होंगे तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था

[illegible]



### आर्थिक अलगाव का दौर खत्म, बना रहे हैं एलायंस

[illegible]

### भारत अपने लक्ष्य को लेकर ईमानदार

[illegible]

## कूनो में फिर बढ़ा चीतों का कुनबा

# मादा चीते ने दिया तीन शावकों को जन्म



मध्य प्रदेश के श्योपुर में कूनो नेशनल पार्क में मादा चीता 'गामिनी' अपने तीन शावकों के साथ।

एजेंसी | नई दिल्ली

[illegible]

## मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सबसे बड़ी कार्रवाई

# 10,021 करोड़ की 247 संपत्तियां अटैच

एजेंसी | नई दिल्ली



[illegible]

## अध्यादेश की अवधि समाप्त

# महाराष्ट्र में मुसलमानों के लिए आरक्षण रद्द

एजेंसी | मुंबई



[illegible]

### अल्पसंख्यक विरोधी कदम: विपक्ष

[illegible]

## राष्ट्रपति ने अंतरराष्ट्रीय नौसैन्य बेड़े का किया निरीक्षण

# नौसेना देश के समुद्री हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह सतर्क: मुर्मू

एजेंसी | विशाखापत्तनम

[illegible]



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू विशाखापत्तनम में अंतरराष्ट्रीय फ्लीट रिव्यू के दौरान आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी व अन्य लोगों के साथ।



अंतरराष्ट्रीय फ्लीट रिव्यू के दौरान आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम के तट पर INS सुमित्रा।

### एकता व विश्वास को दर्शाता है फ्लीट रिव्यू

[illegible]





# छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती पर भोपाल में निकली भव्य शोभायात्रा

**भोपाल। गुरुवार को महाराष्ट्रीयन कुणबी पाटिल सेवा समिति द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती के अवसर पर भव्य शोभायात्रा एवं चल समारोह का आयोजन श्रद्धा, उत्साह और सांस्कृतिक गरिमा के साथ किया गया। कार्यक्रम में समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर वीर शिवाजी महाराज के प्रति अपनी श्रद्धा और सम्मान व्यक्त किया।**

शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होकर निकली, जिसमें पारंपरिक वेशभूषा, ढोल-ताशों की गूंज, आकर्षक झांकियां और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। प्रतिभागियों ने छत्रपति शिवाजी महाराज के शौर्य, पराक्रम और राष्ट्रभक्ति के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाया। कार्यक्रम के दौरान समाजजनों ने शिवाजी महाराज के आदर्शों को अपनाने और युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। आयोजन स्थल पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं सम्मान समारोह का भी आयोजन किया गया, जिसमें समाज के वरिष्ठजनों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन समाज में एकता, सांस्कृतिक विरासत और राष्ट्रभक्ति की भावना को मजबूत करने का कार्य करते हैं।

## राहुल गांधी को गोली मारने की धमकी

**नई दिल्ली।** करणी सेना के एक कार्यकर्ता ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को गोली मारने की धमकी दी है। कांग्रेस प्रवक्त ा पवन खेड़ा ने गुरुवार को यह दावा किया। उन्होंने धमकी वाला वीडियो भी सोशल मीडिया पर शेयर किया है। पवन खेड़ा ने लिखा कि पूरा आरएसएस-भाजपा तंत्र एक गोडसे फैक्ट्री है। तथाकथित करणी सेना द्वारा राहुल गांधी और 25 सांसदों के खिलाफ दी गई धमकी कोई अलग-थलग पड़ी घटना नहीं है। यह एक सुनियोजित और कपटपूर्ण साजिश का हिस्सा है। कट्टरपंथ ऐसे ही काम करता है। वे पहले एक झूठ बनाते हैं, पॉलिटिकल अथॉरिटी उसे आगे बढ़ाती हैं और तब तक फैलाती हैं जब तक उनके फॉलोअर्स के मन में नफरत और हिंसा नहीं भर जाती। तब भी गोडसे बनाया गया था। आज फिर एक और गोडसे को तैयार किया जा रहा है। वीडियो सामने आने के बाद कोटा पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया है।

## सबरीमाला में प्रसाद व्यवस्था में खामियां

**तिरुवनंतपुरम।** केरल हाईकोर्ट ने सबरीमला मंदिर में प्रसाद की बि ी और उससे होने वाली आय के प्रबंधन को लेकर त्रावणकोर देवास्वम बोर्ड (टीडीबी) की कार्यप्रणाली में गंभीर और प्रणालीगत खामियां पाई हैं। अदालत ने कहा कि अब समय आ गया है कि बोर्ड एक व्यापक, पारदर्शी और जवाबदेह ढांचा बनाए जिससे बोर्ड की आय को सुरक्षित रखा जा सके और उसमें होने वाले भ्रष्टाचार को रोका जा सके। एसआईटी की यह जांच मंदिर के प्रसाद अडिया सिष्टम घी की बि ी से संबंधित कथित गड़बड़ी के मामले में की जा रही है। यह पवित्र प्रसाद सबरीमाला स्थित भगवान अय्यप्पा मंदिर में श्रद्धालुओं को बेचा जाता है।एसआईटी ने अदालत को बताया कि उसने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत 33 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

# छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती, भव्य शोभायात्रा निकाली



**इन्दौर** .अखिल भारतीय मराठी व्यापारी एसोसिएशन, जिला इंदौर द्वारा आज छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती राष्ट्रोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित भव्य शोभायात्रा अत्यंत उत्साह, गरिमा एवं ऐतिहासिक वातावरण के साथ सम्पन्न हुई। शोभायात्रा का शुभारंभ देवी अहिल्याबाई होलकर प्रतिमा स्थल राजवाड़ा पर माल्यार्पण से हुआ। तत्पश्चात छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण, आरती पूजन-अर्चन के पश्चात शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ। शोभायात्रा राजवाड़ा से प्रारंभ होकर बड़ा सराफा, छोटा सराफा, बजाज खाना चौक होते हुए निर्धारित मार्ग से निकली, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन, व्यापारी, युवा एवं मातृशक्ति की सहभागिता रही। शोभायात्रा में 51 महाराष्ट्रीयन ढोल-पथक पारंपरिक वाद्य यंत्र 'हलगी' की प्रभावशाली प्रस्तुति ने संपूर्ण मार्ग को उत्साहपूर्ण वातावरण में परिवर्तित कर दिया। संपूर्ण मार्ग ÷जय भवानी –जय शिवाजी÷ के घोष से गूंज उठा। शोभायात्रा में छोटे-छोटे बच्चे छत्रपति शिवाजी महाराज, राजमाता जिजाऊ, देवी अहिल्याबाई होलकर, वीर तानाजी मालूसरे एवं छत्रपति संभाजी महाराज की वेशभूषा धारण कर घोड़ों पर सवार थे, जो शोभायात्रा की गरिमा को और अधिक बढ़ा रहे थे। राष्ट्रीय प्रवक्ता दीपक फालके ने बताया कि आयोजन का मुख्य उद्देश्य छत्रपति शिवाजी महाराज के गौरवशाली इतिहास, राष्ट्रनिष्ठ विचारों एवं स्वराज्य संकल्प को जन-जन तक पहुंचाना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अभ्यास मंडल की सचिव श्रीमती मालसिंह सिंह ठाकुर भारतीय जनता पार्टी नगर मंत्री स्वाती काशिद व हुकम सोनी जी की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर मध्यप्रदेश अध्यक्ष श्रीकांत देशमुख, इंदौर जिला अध्यक्ष नवनाथ जाधव, महेश फडतरे, नंदकुमार पाटिल, उद्धव जाधव, राजेंद्र सालुंखे सहित समाजजनों की सहभागिता रही।

# प्रियंका गांधी दो दिवसीय दौर पर असम पहुंची, मां कामाख्या मंदिर में किए दर्शन

**नई दिल्ली। एजेंसी**

कांग्रेस महासचिव और सांसद प्रियंका गांधी असम दौरे पर हैं। वह विधानसभा चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर असज पहुंचीं। इस दौरान वह कामाख्या मंदिर भी दर्शन किए। उन्होंने बताया कि वह भगवान से कुछ नहीं मांगती हैं। संभावनाएं जताई जा रही हैं कि कांग्रेस फरवरी के अंत तक असम चुनाव के लिए उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर सकती है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक प्रियंका गांधी गुरुवार को मां कामाख्या मंदिर पहुंचीं। मंदिर के बाहर पत्रकारों ने उनसे सवाल किया, मैम दर्शन के लिए आई हैं क्या मांगेंगी भगवान से। इस पर प्रियंका ने जवाब दिया, मैं कभी मांगती नहीं हूं भगवान से। इस दौरान उनके साथ असम



कांग्रेस प्रमुख गौरव गोगोई समेत कई नेता मौजूद थे। बता दें बुधवार को गोगोई ने कहा था कि पहली सूची में 80 कांग्रेस उम्मीदवारों के नामों की घोषणा मार्च के पहले सप्ताह तक कर दी जाएगी।

उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य चयन प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा करना है। केंद्रीय नेतृत्व ने हमें यह तय करने के लिए कहा है कि पहली सूची इस महीने के अंत तक जारी हो जाए। कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्षी गठबंधन के बारे में पूछे जाने पर गोगोई ने कहा कि यह निश्चित रूप से होने वाला है और इस मामले में पार्टी सत्तारूढ़ बीजेपी से काफी आगे है। कांग्रेस, माकपा, रायजोर दल, असम जातीय परिषद, भाकपा, भाकपा लिबरेशन, जातीय दल-असम और कार्बी आंगलोंग स्थित ऑल पार्टी हिल लीडर्स कॉन्फ्रेंस ने विधानसभा चुनाव एक साझा मंच से लड़ने के लिए हाथ मिलाया है।